# श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर जगह-जगह हुए धार्मिक आयोजन

## कहीं भजन कीर्तन तो कहीं हनुमान चालीसा तो कहीं सुंदरकांड, रामचरितमानस पाठ के साथ हुआ विशाल भंडारा







नवभारत न्यूज

**कोठी 2 अप्रैल, भक्त शिरोमणि वीर हनुमान जी के प्रकटोत्सव दिवस के पावन अवसर पर जगह-जगह धार्मिक आयोजन किए गए हनुमान जन्मोत्सव के इस अवसर पर मंदिरों को तरह-तरह से सजाया गया और भजन कीर्तन एवं सुंदरकांड के पाठ का आयोजन कर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया.**

कई जगह तो एक दिन पूर्व से ही संगीतमय श्री रामचरितमानस के पाठ का आयोजन किया गया और गुरुवार को पूजा पाठ कर कन्या भोजन के साथ विशाल भंडारा आयोजित किया गया। कोठी नगर के साथ-साथ ग्रामीण अंचलों में भी हनुमान जन्मोत्सव की धूम रही और सुबह से लेकर देर रात तक मंदिरों में आयोजनों के साथ भंडारे आयोजित होते रहे।

इसी क्रम में कोठी के वृंदावन चौराहे पर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के अवसर पर वार्ड क्रमांक 2 के निवासी इंजीनियर आशीष तिवारी के तत्वावधान में संगीतमय सरस श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया इसके उपरांत हवन पूजन कर कन्या भोज के साथ विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं रनेही मोड़ स्थित बावली वाले हनुमान जी मंदिर पर समस्त लाल जी स्वामी भक्त परिवार की संयुक्त तत्वावधान में रामचरितमानस पाठ के आयोजन के उपरांत भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें नगर के कई सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल होकर प्रसाद ग्रहण कर पूर्ण लाभ अर्जित किया और रनेही के बरम बाबा आश्रम स्थित हनुमान मंदिर पर आश्रम में रह रहे नागा साधु श्री गिरी जी महाराज के तत्वावधान में उनके भक्त एवं बरम बाबा भक्त मंडली द्वारा मंदिर पर सर पर हनुमान जयंती के अवसर पर सुंदरकांड के पाठ का आयोजन कर भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो लोग शामिल होकर पुण्य कार्य सहभागी बने, साथ ही कोठी के बस स्टैंड स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के अवसर पर भक्तों द्वारा मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाकर पूजा पाठ का आयोजन कर सरस संगीत में सुंदर कांड के पाठ का आयोजन किया गया इसके बाद गुप्ता कॉलोनी की भक्त मंडली व स्थानीय व्यवसाईयों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया व्यापारी संघ कोठी के अध्यक्ष राम जी गुप्ता व उनकी टीम के सभी सदस्यों एवं सहयोगी जनों ने भगवान की आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया और कोठी के बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर भक्तजनों द्वारा सुबह से ही मंदिर परिसर में धार्मिक आयोजन के साथ पूजा पाठ करते हुए रामायण पाठ का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो भक्तों ने शामिल होकर भगवान के पावन नाम का जाप किया और मंदिर परिसर पर सायं कालीन प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, वहीं कोठी के समीपी ग्राम मौहार में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से विगत वर्षों की भांति गांव के चोना वाले हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर विशाल उत्सव का आयोजन किया गया.

एक दिन पूर्व ही संगीतमय श्री रामचरितमानस पाठ के आयोजन के साथ मंदिर परिसर को भक्ति में बना दिया गया जिसमें समस्त ग्रामवासी शामिल होकर इस पुण्य कार्य से सहभागी बने और 2 अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर परिसर पर पूजा पाठ एवं हवन के उपरांत कन्या भोजन के साथ विशाल भंडारा प्रसाद आयोजित हुआ जिसमें गांव सहित आसपास के हजारों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग सभी ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया इसके साथ-साथ अन्य हनुमान मंदिरों में भी आयोजन कर लोगों को प्रसाद विकसित किए गए।

# गैस एजेंसियों की मनमानी से आम जनता बेहद परेशान

नवभारत न्यूज

**रामनगर 2 अप्रैल, क्षेत्र में संचालित गैस एजेंसियों की मनमानी से आम जनता बेहद परेशान है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि दिनभर धूप में लाइन में खड़े रहने के बाद भी उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। एजेंसी कर्मचारियों द्वारा हर दिन नया बहाना बनाकर उपभोक्ताओं को "आज नहीं, कल आना" कहकर टाल दिया जाता है, जिससे कई लोगों के 10 से 15 दिन तक चक्कर लग जाते हैं।**

स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस वितरण में पारदर्शिता की कमी है और मनमानी तरीके से अतिरिक्त पैसे की मांग की जा रही है। आरोप है कि जो उपभोक्ता अतिरिक्त रकम देने को तैयार होते हैं, उन्हें तुरंत गैस उपलब्ध करा दी जाती है, जबकि सामान्य उपभोक्ताओं को केवाईसी या अन्य बहानों से वापस लौटा दिया जाता है। रामनगर स्थित इंडियन गैस एजेंसी पर भी इसी प्रकार के आरोप लगाए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि जहां मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सिटी में 25 दिनों के भीतर सिलेंडर रिफिल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, वहीं रामनगर संचालित एजेंसियां इस नियम का पालन नहीं कर रहीं। इस अव्यवस्था का असर केवल घरेलू उपभोक्ताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यालयों पर भी पड़ रहा है। कई स्कूलों के समूह संचालकों ने बताया कि गैस सिलेंडर समय पर नहीं मिलने से मध्यान्ह भोजन बनाने में दिक्कत हो रही है, जिससे बच्चों को समय पर भोजन नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि जहां आम जनता को लंबे समय तक लाइन में लगना पड़ता है, वहीं प्रभावशाली लोगों को बिना इंतजार के घर तक गैस की आपूर्ति कर दी जाती है। जनता ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर गैस एजेंसियों की मनमानी पर रोक लगाई जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को समय पर और उचित दर पर गैस उपलब्ध हो सके।

# सीईओ ने किया जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सतना 2 अप्रैल, जनपद सीईओ ओपी अस्थाना ने जनपद सभागार उचेहरा में गुरुवार को सभी पीसीओ, एडीओ, उपयंत्री ,सचिव, रोजगार सहायकों की बैठक कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की।**



बैठक में पेय जल संकट, विद्युत् भुगतान, जल गंगा संवर्धन, सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन , 50 दिवस से अधिक सीएम हेल्पलाइन की समस्याओं का निराकरण, संबल पंजीयन, मुख्यमंत्री कन्या विवाह आवेदन, दिव्यांग शिविर के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाओं का निरीक्षण करें और उनकी प्रगति की रिपोर्ट दें। साथ ही उन्होंने सभी सचिव रोजगार सहायकों को अनिवार्य रूप से पात्र दिव्यांग व्यक्तियों को 3 अप्रैल को सतना कम्युनिटी हाल पहुंचाकर उन्हें उक्त शिविर में लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया गया।इस दौरान सहायक यंत्री मधु बागरी, समग्र विकास अधिकारी ज्योति गर्ग, एपीओ मनीषा कुरील, बीसी लक्ष्मीकांत तिवारी, अगमदास पटेल, एडीओ अनुराज ताम्रकार पीसीओ शंकर गुप्ता, रजनीश जैसवाल, अभिमन्यु गौतम ,आनंद ताम्रकार सहित समस्त पंचायती अमला मौजूद रहा।

# दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की कैद

**चित्रकूट 2 अप्रैल,** विवाहिता के साथ घर में घुसकर दुराचार करने के मामले में दोषसिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 16 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया हैसहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले मे पीडिता ने पहाडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें दोषसिद्ध होने पर आरोपी राजू उर्फ समसुद्दीन को 10 वर्ष सश्रम कारावास के साथ 16 हजार रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

# हायर सेकेंडरी स्कूल हरदुआ में हुआ खेलों का आयोजन

नवभारत न्यूज

**नागौद 2 अप्रैल, नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेशोत्सव के दूसरे दिवस विद्यालय में खेल कूद का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की और अपनी टीम को जिताने के लिए पूरी मेहनत की।**




इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन व खेल भावना का विकास करना और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था। इसका आयोजन विद्यालय के खेल मैदान में किया गया जहां विभिन्न खेलो जैसे दौड़,रस्सी कूद,रिंग बॉल,खो - खो,बैडमिंटन और वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई।खेल प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य रमेश प्रसाद दहायत की अध्यक्षता एवं क्रीड़ा प्रभारी कृष्ण कुमार पाठक की मुख्य भूमिका एवं निर्देशन में संपन्न हुआ।सभी शिक्षक गण एवं छात्र छात्राओं ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। विद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में खेलो की महत्ता और उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए खेलों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया साथ ही खेलों के दौरान खिलाड़ियों के अनुशासन, टीम भावना और प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका गैबी लाल कोरी, संतोष कुमार प्रजापति, मो. इस्ताक, धनीलाल वर्मा, अर्चना त्रिपाठी, फिरोजा खातून, पुष्पा बागरी, सरस्वती विश्वास, अतिथि शिक्षक एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

# कृष्ण किशोर अग्निहोत्री बाबू के निधन पर श्रद्धांजलि दी

नवभारत न्यूज

**बिरसिंहपुर 2 अप्रैल, बिरसिंहपुर तहसील के ग्राम मौदहा के निवासी कृष्णकिशोर अग्निहोत्री बाबू दिनांक 25.03.26 को दोपहर में अपनी भैंस निकालने के लिए तालाब में गए तब अचानक कुछ दूर जाने के बाद गहरी खाई में गिर गए जिससे अचानक गहराई में डूबने के कारण उनका निधन हो गया है.**



अग्निहोत्री परिवार समेत पूरे मौदहा ग्राम में शोक की लहर सी हो गई । बताया जा रहा है कि कृष्ण किशोर अग्निहोत्री उर्फ बाबू जी बहुत ही धार्मिक शांतिप्रिय व आध्यात्मिक स्वभाव के व्यक्ति थे उनके निधन से पूरे परिवार में गहरा शोक है । शोक व्यक्त करने में प्रमुख रूप से संतोष कुमार अग्निहोत्री ,अजय नारायण अग्निहोत्री ,मुनेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री ,मोहनलाल अग्निहोत्री ,दुर्गेश अग्निहोत्री, विजयशंकर अग्निहोत्री, उमाशंकर अग्निहोत्री, ब्रजेश अग्निहोत्री, रामनरेश अग्निहोत्री रत्नेश.सतेंद्र विपिन.अंबिका प्रसाद ईश्वरी प्रसाद अवधबिहारी शिवरतन अतुल .अमित .आयुष .लवकुश कृष्णा.अतुल .रामशंकर . जयप्रकाश साहबलाल श्रीहरि रघुवर शरण अग्निहोत्री पूरे अग्निहोत्री परिवार समेत हरिशरण द्विवेदी सरपंच पुष्पेंद्र तिवारी, बद्री पाठक रामकेश बडखेरा पुष्पेंद्र शुक्ला संदीप पांडेय व मौदहा ग्राम समेत क्षेत्र के बहुत से गणमान्य नागरिको ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए भगवान मृतक की आत्मा को शांति दे ऐसी सभी ने कामना किया।

# प्रो . वाई के सिंह ग्रामोदय विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 2 अप्रैल, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कला संकाय में पदस्थ प्राध्यापक प्रो. वाई. के. सिंह अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के उपरांत विश्वविद्यालय की सेवाओं से सेवानिवृत्त हो गए हैं।**

प्रो. सिंह ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रारंभिक काल से जुड़े रहे हैं तथा उन्होंने लंबे समय तक संस्थान की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने सेवा काल में उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया है। वे शिक्षा शास्त्र के विशिष्ट विद्वान के रूप में प्रतिष्ठित रहे हैं। इस अवसर पर कला संकाय के अधिष्ठाता कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में उनके सहकर्मी प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी तथा उनके दीर्घकालीन शैक्षणिक योगदान, अनुशासनप्रियता एवं संस्थान के प्रति समर्पण की सराहना की। उपस्थित जनों ने प्रो. सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

### प्रवेश की अंतिम तिथि अब 10 अप्रैल

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत् शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में प्रवेश आवेदन की तिथि को बढ़ाकर 10 अप्रैल 2026 तक कर दी गई है। निदेशक प्रो . कमलेश कुमार थापक ने बताया कि सत्र 2025-26, जनवरी सत्र में संचालित दूरवर्ती पाठ्यक्रमों में एमपी ऑनलाईन के माध्यम से प्रवेश लेने की अंतिम तिथि को विस्तारित कर 10 अप्रैल 2026 कर दी गई है। विस्तृत विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

# हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

## पौड़ी धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



नवभारत न्यूज

**अमदरा 2 अप्रैल, सिद्ध पीठ आश्रम पौड़ी धाम में हनुमान जन्मोत्सव का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पवनसुत हनुमान जी की पूजा-अर्चना में लीन नजर आए।**

पूरे धाम परिसर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला, जहां श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का सामूहिक पाठ कर अपने जीवन को धन्य बनाया। मेरे राम, पौड़ी धाम की जय के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें दूर-दूर से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को व्यवस्थित रूप से दर्शन कराने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गईं, जहां भक्तों ने लाइन में लगकर हनुमान जी के दर्शन एवं पूजन किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने परम पूज्य गुरु जी का आशीर्वाद भी प्राप्त किया और अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भगवान श्रीराम से प्रार्थना की कि उनकी कृपा सभी भक्तों पर सदैव बनी रहे।

# होम डिलीवरी गैस सप्लाई का आदेश हवा हवाई

▸ मानसी गैस एजेंसी संचालिका के पति के बोल इस तरह के आदेश आते जाते रहते हैं

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 2 अप्रैल,** गैस के लिये ग्राहकों की परेशानियां कम होनें वालीं नहीं है भले ही गत दिवस एस डी एम के निर्देश पर खाद्य अधिकारी द्वारा निरीक्षण कर दो अप्रैल से गैस की होम डिलीवरी के लिये सख्त निर्देश को भी मानसी गैस एजेंसी संचालिका के कर्मचारी पति ने जिस बेशर्मी के साथ एस डी एम के मौखिक निर्देश की बात करते हुये होम डिलीवरी बन्द की बात की थी अब जब होम डिलीवरी के लिये बताया जाता है विधिवत लिखित में निर्देश जारी होने के बाद भी होम डिलीवरी के लिये राजी नहीं है ग्राहकों से पूरी बेशर्मी के साथ कहता है जिसे जहां शिकायत करनी हो करता रहें गैस की वितरण व्यवस्था किसे और कैसे करना हैं यह मेरी व्यवस्था हैं ऐसे आदेश निर्देश रोज मिलते हैं। गैर तलब हो कि शासन स्तर से गैस वितरण की सुव्यवस्थित व्यावसथा बनाये रखने के निर्देश ऐसा लगता हैं कि अमरपाटन की इस मानसी गैस एजेंसी में लागू नहीं हैं तभी तो तमाम विरोध वा जाच निर्देश कोई असर यहां होता दिखाई नहीं दे रहा है।गैस के लिये इस उमस भरी गर्मी में सुबह से लाईन पहले दिन नंबर लगाने मे दूसरे दिन समय मिला तो पर्ची कटवाने की लईन उसके बाद कितने दिन बाद गैस मिलती है कोई गारंटी नहीं यहां तक की आंन लाईन भुगतान वा नंबर लगाने वालों के लिये भी कुछ इसी तरह की समस्या का सामना करना पड रहा है। बहरहाल इसके तेवर देख कर तों ऐसा ही लगता है कि जिस तरह जांच के दौरान ही उपभोक्ताओं का कहना था कि जांच आदेश निर्देश महज चाय नाश्ते नाश्ते तक ही सीमित होकर रह जायेगी होना होवाना कुछ नहीं हैं।

# शासकीय सांदीपनि विद्यालय रामनगर में प्रवेशोत्सव मनाया गया

नवभारत न्यूज

**रामनगर 2 अप्रैल, मैहर जिले के शासकीय सांदीपनि विद्यालय रामनगर में प्रवेशोत्सव कार्यकम में मुख्य अतिथि अनिल पाण्डेय, अध्यक्ष श्रीमती पिंकी पटेल, बिशिष्ट अतिथि रीता मिश्रा द्वारा कार्यकम का शुभारम्भ विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती मां को दीप प्रज्वलित करके आरती के साथ प्रारम्भ हुआ।**



अतिथियों का स्वागत वंदन छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर किया गया छात्रों को पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम छात्र - छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया जो भाव विभोर कर दिया। कार्यकम में पुरुस्कार वितरण करते हुए विद्यालय की सराहना की गई। कार्यकम के अंत में विस्तृत रुप में विद्यालय की जानकारी देते हुए सभी छात्र - छात्राओं को संस्था प्रमुख्य प्राचार्य सुग्रीव सिंह बिसेन के द्वारा शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए सभी को आशीर्वचन प्रदान किया गया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया ।

# गाजा बाजा के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव

नवभारत न्यूज



**अमदरा 2 अप्रैल,** स्थानीय पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पाला में विगत दिवस शासन के निर्देशानुसार जन प्रतिनिधि के रूप में ग्राम पंचायत पाला सरपंच श्रीमती उर्मिला सिंह के उपस्थिति में बच्चों का तिलक बंधन तथा लड्डू पेन टाफी आदि वितरित करते हुए बच्चों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात सभी बच्चों ने सामूहिक प्रार्थना किया तथा सरपंच एवं प्राचार्य आदि सभी ने बच्चों को पुस्तक वितरित की तथा अन्य सांस्कृतिक बाल सभा अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए । इस प्रकार विद्यालय में प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन संपन्न हुआ द्य इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे तथा प्राचार्य ने सभी बच्चों को अप्रैल माह में निरंतर स्कूल आने तथा पुस्तकों से दोस्ती करने एवं अपने भविष्य को संवारने हेतु मार्गदर्शन दिया ।

# महावीर जयंती के उपलक्ष्य में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना 2 अप्रैल,महावीर जयंती के पावन अवसर पर श्री राम होमियोपैथी क्लिनिक एंड रिसर्च सेंटर, हनुमान नगर, नई बस्ती मैत्री पार्क, हवाई पट्टी, सतना में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।**



यह शिविर डॉ. ऋतुराज दहायत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। शिविर में क्षेत्र के लगभग 80 लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उपस्थित सभी मरीजों का सावधानीपूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उनकी आवश्यकता के अनुसार नि:शुल्क होमियोपैथिक औषधियों का वितरण भी किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना तथा होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। क्षेत्र के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस जनहितकारी पहल की सराहना की।

# चित्रकूट के सभी शक्तिपीठों में हनुमान जयंती मनाई गई

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 2 अप्रैल, धर्म नगर जहां भगवान श्री श्री राम ने साडे 14 वर्ष से वनवास का अधिकतम समय 1230 वर्ष चित्रकूट में ही बताया था इस धर्म नगरी में लंका दहन के बाद हनुमान जी भी हनुमान धारा में पहुंचकर अपनी पूछ में लगी आग की ज्वाला शांति की थी आज उनका जन्मदिन चित्रकूट के सिद्ध पीठ सभी हनुमान मंदिरो में जन्म दिन उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया .**




जिसमें चित्रकूट सतना मध्य प्रदेश बस स्टैंड मोटर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष शर्मा तथा उपाध्यक्ष राजेश उपाध्याय सहित लगभग संपूर्ण स्टाफ ने हर वर्ष की बात इस वर्ष भी श्री हनुमान जयंती उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया इसके पूर्व में हनुमान जी कीर्तन भजन संध्या का आयोजन किया आज समापन पश्चात आज उनके जन्मदिन उत्सव पर एक विशाल का आयोजन किया गया जिसमें दूरदरा हाथ से आए श्रद्धालुओं सहित सतना से चित्रकूट चित्रकूट से बादा यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को भी हनुमान जी का प्रसाद वितरण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से राजेंद्र मिश्रा अजीत सिंह कृष्णा कुमार श्याम शुक्ला संजय पांडे बिन्नू उपाध्यायसूरत शीलू एम सैकड़ो बार एसोसिएशन के कर्मचारियों ने जयंती अवसर पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण करने में सहयोग किया.

# वीर सपूत का भव्य स्वागत, सतना में गूंजा देशभक्ति का स्वर

नवभारत न्यूज

**कोठी 2 अप्रैल, देश की सेवा कर लौटे वीर सैनिकों के सम्मान में जहां पूरे देश में गर्व की भावना उमड़ती है, वहीं सतना रेलवे स्टेशन पर एक ऐसा ही गौरवपूर्ण दृश्य देखने को मिला।**




चंद्रशेखर आजाद पूर्व सैनिक संगठन के पूर्व सैनिकों एवं बृजेश सिंह बघेल के परिवारजनों द्वारा भारतीय सेना के जांबाज सैनिक सुबेदार बृजेश सिंह बघेल (10 पैरा कमांडो) (मौहार कोठी) का भव्य स्वागत किया गया। जैसे ही वे स्टेशन पहुंचे, वहां मौजूद लोगों ने फूल-मालाओं, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम में मौजूद पूर्व सैनिकों ने अपने साथी योद्धा के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा में योगदान देने वाले हर सैनिक का सम्मान करना समाज का कर्तव्य है। स्वागत के दौरान देशभक्ति के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा और उपस्थित लोगों में उत्साह व गर्व का माहौल दिखाई दिया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं और उन्हें देश सेवा के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सुबेदार बृजेश सिंह बघेल ने इस सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे भारतीय सेना का है।